# दिनांक 08.01.2026 को एन.आई.सी. हाल में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित सिंचाई विभाग /जल निगम /नलकूप विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत :

दिनांक 08.01.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग /जल निगम /नलकूप विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
2 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3 अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, प्रयागराज।
4 अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई, कौशाम्बी।
5 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
6 प्रतिनिधि टी0पी0आई0 एजेन्सी, मे0 मेधज, टेक्नों लिमिटेड।
7 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
8 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।
9 अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड कौशाम्बी।
10 अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड फतेहपुर।
11 सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड कौशाम्बी।
12 सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड फतेहपुर।

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 जे0एम0सी0 के निर्माण कार्यो की प्रगति :–

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) को माह– दिसम्बर में 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति की कुल 25 नग पेयजल योजनाओं कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली 28 नग पेयजल योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी। जिसके क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) एवं अधिशासी अभियन्ता को माह– जनवरी, 2026 में 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली कुल 11 पेयजल योजनाओं को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों को माह– मार्च, 2026 तक शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के निर्माण कार्यो की प्रगति :–

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को माह– दिसम्बर में 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति की कुल 38 नग पेयजल योजनाओं कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति की केवल 14 नग पेयजल योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे.वी.) एवं अधिशासी अभियन्ता को माह– दिसम्बर, 2025 की अवशेष 24 नग पे0यो0 एवं माह– जनवरी, 2026

में 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली 11 पेयजल योजनाएँ अर्थात् कुल 33 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों को माह– मार्च, 2026 तक शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी सड़कों का रेस्टोरेशन पूर्ण न किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियंता जल निगम एवं संबंधित सहायक अभियंताओं का वेतन मरम्मत कार्य पूर्ण करा लिए जाने तक अवरूद्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही रेस्टोरेशन पूर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही वेतन देय होगा।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऐं)

सिंचाई विभाग :–

बैठक में अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा दिनांक 15 दिसंबर से नहरों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। जनपद की कुल 68 टेलों में से 68 टेलों को पूर्ण रूप से टेल फीड किया जा चुका है। वर्तमान में नहरों का संचालन आवश्यकता के अनुरूप किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता द्वारा यह भी बताया गया कि टेल गूल की व्यवस्था न होने के कारण अतिरिक्त पानी के निष्कासन में असुविधा उत्पन्न हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप टेल क्षेत्र के किसानों को कहीं–कहीं पर छिटपुट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त समस्या के समाधान के संबंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि टेल क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके तथा यह भी निर्देश दिये गये है कि संपूर्ण समाधान सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त संदर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, एंटी भू माफिया संदर्भ, व माननीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। निचली गंगाा नहर के अधिशासी अभियन्ता, द्वारा आई.जी.आ.एस. का निस्तारण बिना पढ़े किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियन्ता, को तीन दिन् के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, सिंचाई,)

नलकूप विभागः–

अधिशासी अभियन्ता, नलकूप,द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कौशाम्बी में कुल 398 चलित नलकूप हैं। जिनके द्वारा सिंचाई सुविधा प्रदान की जाती है। सप्ताहित बंदी 25.12.2025 के अनुसार जनपद कौशाम्बी में कुल 398 चलित राजकीय नलकूपों के सापेक्ष यांत्रिक दोष से 05 एवं विद्युत दोष से 02 राजकीय नलकूप बंद थे। यांत्रिक दोष से बंद नलकूपों के पम्पसेटों/मोटरों आदि की मरम्मत करा कर चालू करा दिया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर विद्युत दोषों को दूर करा कर उपरोक्त बंद नलकूपों को चालू करा दिया गया है।

2 जनपद कौशाम्बी में राजकीय नलकूप संख्या–157 एम०एन०, ग्राम–बरौली, ब्लॉक–सरसवां में एक अदद नवीन राजकीय नलकूप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें पम्प हाउस, डिलिवरी टैंक एवं गूल आदि का कार्य प्रगति पर है।

निर्देशित किया गया कि ऐसे नलकूप चालकों की सूची बनाकर उपलब्ध करायें जिनके यहाँ यांत्रिक दोष/विद्युत दोष अधिक पाये जाते हैं।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, नलकूप, प्रयागराज)

अन्य महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. सभी साइट्स पर पर्याप्त श्रमिक, सामग्री, पाइप, डम्प मशीनरी आदि आवश्यकतानुसार तीन दिनों में प्रबन्ध कर कार्य की प्रगति बढ़ायी जाये तथा समस्त कार्य विभागीय विशिष्टियों/मानक के अनुसार कराये जाये। इसमें किसी भी तरह की शिथिलिता न बरती जाये तथा पोर्टल अपडेट करने के निर्देश दिये गये।
2. यदि औचित्यपूर्ण हो तो कतिपय कार्यो की टाइमलाइन को रिवाइज्ड किया जाए, किन्तु यदि रिवाइज्ड टाइम के अनुसार भी अपेक्षित प्रगति नहीं पायी जाती तो फर्मो के विरूद्ध निरोधात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।
3. पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस कनेक्शन हेतु तोडी गयी सड़को/गलियॉ जो कि पुनर्स्थापित किये जाने के उपरान्त यदि Settled Road हो गयी है, तो उनको तत्काल पुनः मरम्मत कराया जाये।
4. जिन पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है, उनमें सुबह–शाम नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।
5. मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा समय से कार्य न पूर्ण कर पाने के कारण पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिये गये ।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

(विनोद राम त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी,
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्रांक /जल जीवन मिशन/ / दिनांकः–

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
4. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित नियमित योजनाओं का अनुश्रवण/निरीक्षण करते हुये फर्म से गुणवत्ता सहित निर्माण कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
7. अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, प्रयागराज।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई, कौशाम्बी।
9. अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, प्रयागराज।

Digitally signed by
VINOD RAM TRIPATHI
Date: 02-02-2026
18:55:36

मुख्य विकास अधिकारी,
कौशाम्बी।